
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 05.08.2023 से 12.08.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशन डिपो धारकों से सीधा संवाद

(दिनांक 05.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशन डिपो धारकों से सीधा संवाद कर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रदेश के लगभग 32 लाख परिवारों को पीडीएस योजना का लाभ मिल रहा है। संवाद के दौरान डिपो धारकों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सरल बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार जताया। डिपो धारकों ने कहा कि पहले लोग बार–बार हमारे पास आकर राशन के आने की तारीखें पूछा करते थे, उनके सवालों के जवाब देते–देते हम कई बार थक जाया करते थे। लेकिन



# साप्ताहिक सूचना पत्र

हरियाणा सरकार ने हमारी इस परेशानी को दूर करने के लिए राशन की सूचना को उपभोक्ताओं के मोबाइल के साथ जोड़ा, जिससे उपभोक्ताओं के साथ साथ हम डिपो धारकों को भी बड़ी राहत मिली है। सरकार ने सारी प्रक्रिया को ऑनलाइन करके हमारी परेशानियों को कम किया है।

पहले लोगों की शिकायत होती थी कि हम को राशन नहीं मिला, राशन कम मिला, हमारा राशन कोई और ले गया या राशन कार्ड कट गया, ऐसी सभी शिकायतों के समाधान के लिए सरकार ने ई.पी.डी.एस पोर्टल की शुरूआत की। इसके तहत उचित मूल्यों की 9,434 दुकानों पर स्वचालित पी.ओ.एस. मशीनों के द्वारा उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। सभी राशन डिपुओं पर पी.ओ.एस. मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। इससे आवश्यक वस्तुओं का शत–प्रतिशत वितरण बायोमेट्रिक आधार पर प्रमाणीकरण करने के बाद किया जा रहा है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति फर्जी तरीके से राशन प्राप्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सरकार ने राशन की सूचना को उपभोक्ताओं के मोबाइल के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा सरकार ने एक और कदम उठाया है, जिसके तहत यह तय किया है कि उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन में 33 प्रतिशत महिलाओं को राशन की दुकानें दी जाएंगी। जो नई राशन की दुकानें खुलेंगी, उनके लिए यदि महिलाएं आवेदन करती हैं तो प्राथमिकता आधार पर उनको दुकानें आवंटित की जाएंगी।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के हर राशन कार्डधारक को देश में कहीं भी राशन प्राप्त करने की सुविधा देने के लिए एक राष्ट्र– एक राशन कार्ड योजना चलाई है। पहले रोजगार अथवा किसी अन्य कारण से अपने मूल निवास से दूर जाकर रहने वाले गरीब परिवारों को राशन नहीं मिल पाता था। अब देश का कोई भी नागरिक अपना आधार कार्ड दिखाकर कहीं भी किसी

# साप्ताहिक सूचना पत्र



भी राशन डिपो से अपना राशन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने डिपो धारकों से कहा कि हमारी योजना गरीब व्यक्ति के कल्याण के लिए लिए और उस पर गरीब व्यक्ति का अधिकार है, इसलिए यदि कोई गरीब व्यक्ति आपके पास आता है, जो किसी कारणवश समाज में कहीं पीछे छूट गया है, तो उस व्यक्ति का नाम आप सरकार को बताएं ताकि तुरंत उसका राशन कार्ड बनाया जा सके। डिपो धारकों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए उनका कमीशन 1.50 रुपये से बढ़ाकर 2 रुपये किया है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी घोषणा की कि डिपो धारकों को केंद्र सरकार से मिलने वाले कमीशन की यदि देरी होती है तो हरियाणा सरकार अपनी ओर से उन्हें कमीशन देगी। कमीशन का जो हिस्सा केंद्र सरकार से मिलता है, वो कभी भी आए, तब तक हरियाणा सरकार स्वयं धारकों का पूरा कमीशन वहन करेगी। संवाद के दौरान डिपो धारकों ने माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष कमीशन की दर बढ़ाने का अनुरोध करने और कमीशन के भुगतान में देरी होने की समस्या रखी थी। इस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए उपरोक्त घोषणाएं की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ

(दिनांक 06.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के वर्चुअली शिलान्यास के अवसर पर राष्ट्रीय स्तरीय समारोह के दौरान चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव व भारत सरकार का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित तथा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हरियाणा जिन 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है, उनमें अंबाला सिटी, भिवानी जंक्शन, फरीदाबाद, पटौदी रोड, हिसार, बहादुरगढ़, जींद जंक्शन, नरवाना जंक्शन, नारनौल, कालका, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, यमुनानगर–



# साप्ताहिक सूचना पत्र




जगाधरी शामिल हैं। दूसरे चरण में प्रदेश के 34 स्टेशनों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, चाहे वह सडक़ तंत्र हो या रेलवे तंत्र हो या हवाई क्षेत्र और समुद्री मार्ग की बात हो। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि का लाभ मिला है तथा केजीपी व केएमपी के पूरा होने के बाद दिल्ली का यातायात पर दबाव कम हुआ है तो वहीं प्रदेश को 17 राष्ट्रीय राजमार्ग मिले हैं, जिनमें से 8 का कार्य पूरा हो चुका है। उरेलवे तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलमेंट ऑथिरिटी (एचआरआईडीए) का गठन किया गया है तथा रेलवे मंत्रालय के साथ एमओयू भी किया गया है, जिसके तहत स्पेशल पर्पज व्हिकल (एचपीवी) का गठन किया गया है। इसी प्रकार, रोहतक में देश का पहला पांच किलोमीटर लम्बाई का ऐलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनाया गया है। कुरूक्षेत्र में ऐलिवेटिड रेलवे ट्रैक का कार्य लगभग पूरा हो गया है कैथल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है। पलवल से सोनीपत तक हरियाणा ऑरबिट रेलवे कॉरिडोर को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके अलावा, मैट्रो कनैक्टिविटी का भी विस्तार किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद हरियाणा पर रहा है और वर्तमान में प्रदेश में ट्रेन सेवाओं व आधारभूत ढांचा के विकास के लिए 20 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। वर्ष 2023–24 के बजट में हरियाणा को रिकॉर्ड 2500 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

# पंचायती राज परिषद् का प्रशिक्षण सम्मेलन

(दिनांक 07.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोमवार को सूरजकुंड में आयोजित क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद् के दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में संबोधित कर कहा कि राष्ट्र की हम यहाँ एक ऐसे विषय पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो देश के लोकतंत्र का मूल आधार है और देश के आखिरी व्यक्ति के हितों से सम्बन्ध रखता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की 75 साल की अवधि बीत जाने के बाद भी गांवों का विकास हमारी प्राथमिक आवश्यकता है। हमने पिछले लगभग 9 सालों में हरियाणा में गांवों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई और उनको अमलीजामा पहनाने के स्तर पर भी अनेक प्रयोग किए। माननीय प्रधानमंत्री जी ईस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और मुख्य अतिथि के





रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंचायतें हमारी राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, सुशासन और लोकतंत्र का रक्षा कवच हैं। हमारे देश में पंचायतों की न्यायप्रियता के कारण श्पंच–परमेश्वरश् की धारणा बनी थी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद् ये तीनों स्तर हमारे देश की प्रजातंत्र व्यवस्था के मूल आधार हैं। इसी प्रकार नगरपालिका व नगरपरिषद् जैसे स्थानीय निकाय भी देश के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आँचल के गतिशील विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण किया गया।

इसी के चलते सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को बड़ी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां दी गयी हैं। पंचायती राज संस्थानों को 10 प्रमुख विभागों का काम सौंपा हुआ है और विकास कार्यों के लिए ग्रांट की राशि सीधे ही पंचायतों के खातों में जमा करवाई जाती है। विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के

लिए ई–टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। 5 लाख रुपये तक के कार्य करवाने की शक्ति सीधे ही सरपंच को दी है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की शक्तियां सीधे ही पंचायती राज संस्थाओं को देने के लिए जिला परिषद के अध्यक्ष को डीआरडीए का चेयरमैन बनाया है और अंतर–जिला परिषद् का गठन करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने का कार्य किया है। पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में संपत्ति के मूल्य के 2 प्रतिशत के बराबर स्टाम्प शुल्क का अधिभार लगाया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के बीच समन्वय के लिए श्ग्राम दर्शनश् पोर्टल शुरू किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास व योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी से शिष्टाचार भेंट

(दिनांक 08.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र तोमर से शिष्टाचार भेंट की और हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र तोमर जी ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए जो योजनाएं चलाई हैं, उनके धरातल पर बेहतर परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने जल संरक्षण व फसल विविधीकरण के लिए चलाई गई योजना मेरा पानी–मेरी विरासत की भी प्रशंसा की। इसके अलावा, मोटा अनाज वर्ष के दौरान प्रदेश के किसानों द्वारा फसल विविधीकरण को अपनाने की पहल को भी सराहा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है और अपने मेहनती किसानों के बल पर राज्य कृषि क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। प्रदेश सरकार ने पिछले लगभग 9 सालों में किसानों के कल्याण के लिए नई–नई योजनाएं चलाई हैं और केंद्र सरकार की योजनाओं को भी राज्य में ज्यों का त्यों लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए भी जागरूक कर रही है ताकि खाद्यान्न उत्पादन में कीटनाशकों का कम से कम प्रयोग हो। इसके साथ ही, जल संरक्षण की दिशा में बढ़ते हुए कृषि में सिंचाई हेतु फ्लड सिंचाई की बजाये सूक्ष्म सिंचाई को अपनाने का आह्वान किया है और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए किसानों को सब्सिडी दी जा रही है। किसान भी इस पहल में सरकार का सहयोग कर रहे हैं और अब सूक्ष्म सिंचाई को अपना रहे हैं, इससे न केवल पानी की बचत होती है बल्कि उत्पादन भी दोगुना होता है।

# कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात

(दिनांक 09.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ऐसे पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जिन्होंने एक अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर लोकसभा क्षेत्रवार जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को एक मंच पर लेकर आए हैं। इस प्रकार की बैठकों में विधानसभावार जन प्रतिनिधि उच्च अधिकारियों से विकास कार्यों के संबंध में जानकारी हासिल करते हैं और अधिकारी एक–एक परियोजना व योजना के बारे में बारीकी से उन्हें अवगत करवाते हैं। इसी कड़ी में आज संत कबीर कुटीर पर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंत्रणा की और कहा कि आप खुलकर अधिकारियों के समक्ष अपने क्षेत्र की सार्वजनिक समस्याओं व मांगों





को रख सकते हैं और चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। साथ ही भविष्य की आवश्यकता क्या है, इसके बारे भी लिखित में जानकारी दे सकते हैं और सीएमओ कार्यालय से जुड़े अधिकारी इन प्रतिवेदनों का पूरा रिकॉर्ड रखते हैं और संबंधित विभागों को प्रेषित करते हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वच्छ प्रशासन व विकास के कार्य तेजी से हों, यही इस बैठक का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को इस बात का संशय रहता था कि चंडीगढ़ मुख्यालय पर फील्ड से भेजे गए प्रतिवेदन केवल फाइलों में दर्ज होते हैं, उन पर एक्शन कम होता है, परंतु माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस धारणा को खत्म करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सीधा उच्च अधिकारियों से बातचीत करने के लिए उन्हें एक मंच पर लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

माननीय मुख्यमंत्री जी इस मंत्रणा बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों को अपनी बात रखने के लिए

# साप्ताहिक सूचना पत्र

पूरा समय देते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के इस प्रशासनिक प्रबंधन की पहल का फील्ड से आने वाला हर व्यक्ति कायल है कि किस प्रकार माननीय मुख्यमंत्री जी हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। अब तक माननीय मुख्यमंत्री जी 8 लोकसभा क्षेत्रों को कवर कर चुके हैं, जिसमें आज कुरुक्षेत्र 9वां लोकसभा क्षेत्र था। इस प्रकार 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को उच्च अधिकारियों ने सीधा सुना है। अगले सप्ताह सिरसा लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों से मुख्यमंत्री बातचीत करेंगे। इन बैठकों के सफल आयोजन के बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोगों की मांग पर यह निर्णय लिया है कि इस प्रकार की बैठकें साल में कम से कम 2 बार आयोजित करवाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन और आमजन से फीडबैक लेने की समुचित प्रक्रिया सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगी। इसके साथ ही पहले की बैठकों में रखी गई बातों पर हुई कार्रवाई के बारे में भी समीक्षा की जाएगी।



# देश के 112 आकांक्षी जिलों की सूची में नूंह जिले द्वारा डेल्टा रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल करना

(दिनांक 10.08.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों के चलते आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिला नूंह की डेल्टा रैंकिंग 30वे पायदान से दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। जिला उपायुक्त ने बताया कि आकांक्षी जिला को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पिछले महीने संबंधित विभागों की बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों के चलते प्रदेश का ज़िला नूह दूसरे स्थान पर पहुचा है । आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा और कृषि और जल संसाधन आदि में बड़े पैमाने पर सुधार कर लोगों को लाभ देना है। जिला उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग द्वारा देशभर के 112 आकांक्षी जिलों की सूची बनाई गई थी, जिसमें लगभग 87 पैरामीटर तय किए गए थे। इनमें ड्रॉपआउट, संस्थागत डिलीवरी, सिंचाई, कृषि, सेहत सहित अन्य विभागों के बहुत से काम थे। इन सभी में सुधार करने की जरूरत थी। नूह जिला लगातार अपनी रैंकिंग में सुधार कर रहा है। जिले के संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी जिले को पिछड़े जिलों की सूची से बाहर निकालने में भरपूर मेहनत कर रहे हैं। आज जिला के नागरिकों की जागरूकता व प्रशासनिक अधिकारियों की मेहनत का ही नतीजा है कि नूंह जिला पूरे देश में आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आया है जिसके लिए उपायुक्त ने टीम के सदस्यों को बधाई दी।

# नशा मुक्त अभियान के पोस्टर (लोगो) का लोकार्पण

(दिनांक 10.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पोस्टर (लोगो) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्टेट टास्क फोर्स के गठन के संबंध में कहा कि जल्द ही स्टेट टास्क फोर्स का राज्य स्तर और जिला स्तर पर गठन किया जाएगा। इसमें साधु–संतों, सामाजिक संस्थाओं, पुलिस, बुद्धिजीवी वर्ग के साथ–साथ नशे के खात्मे में कार्य करने के इच्छुक लोगों को भी शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा नशा मुक्ति दिवस 26 जून, 2023 को राज्य स्तरीय नशा मुक्ति अभियान का आरंभ किया गया था। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने पोस्टर (लोगो) का लोकार्पण किया और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से संचालित की जा रही गतिविधियों के लिए विश्व शिक्षा निकेतन और सनराइज ग्लोबल फाउंडेशन तथा करुणा वेलफेयर ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जिला कुरूक्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 11.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जनसाधारण की समस्याएं जमीनी स्तर पर लोगों से सीधा सुनने के लिये आरम्भ किये गये जनसंवाद के तहत कुरुक्षेत्र के उमरी गांव जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उमरी गांव में जनसंवाद के लिये पंहुचने पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सर्वप्रथम गांव के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा–अर्चना की। यहां पंहुचने पर गांव की सरपंच मीना कुमारी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को पुष्पगुच्छ व नम्बरदार बाबू राम ने सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रेड क्रॉस द्वारा उपलब्ध करवाई गई व्हीलचेयर व श्रवण यंत्र चार व्यक्तियों को वितरित किए। जन संवाद के दौरान उमरी चौक पर लम्बे रूट की बसों के



# साप्ताहिक सूचना पत्र



ठहराव के बारे रखी गई मांग पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने महाप्रबन्धक हरियाणा रोडवेज को निर्देश दिये कि उमरी चौक पर एक विशेष रजिस्टर रखा जाए, जिसमें दैनिक यात्री अपने यात्रा का ब्यौरा दर्ज करें और उसी के अनुसार लम्बे रूट की बसों के ठहराव की व्यवस्था की जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकारी नौकरी के लिये हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आरम्भ की गई संयुक्त पात्रता परीक्षा के बारे में कुछ नेताओं द्वारा लोगों को गुमराह किया जा रहा है। ये आयोग का कार्य है कि किस एजेंसी से वे पेपर सैट करवाते हैं। पेपर में प्रश्न तय करना पेपर सैट करने वाली एजेंसी का कार्य है, न कि सरकार का।

उन्होंने कहा कि अब तक 1.10 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और अगले तीन मास में 30 हजार ग्रुप सी की भर्तियां की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित लोगों को परिवार पहचान पत्र की महत्वता के बारे जानकारी देते हुए कहा कि अब हर योजना का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से मिलता है। यहां तक की गांव की आबादी के अनुसार प्रति व्यक्ति 2000 रुपये की ग्रांट गांव के विकास कार्यों के लिये दी जाती है तथा आबादी के हिसाब से उमरी गांव में प्रत्येक वर्ष 1.82 करोड़ रुपये की ग्रांट मिलेगी तथा केन्द्र सरकार की ग्रांट इससे अलग है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आम

# साप्ताहिक सूचना पत्र

जनमानस के जीवन को परेशानी मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है और इसलिए राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर आईटी का उपयोग करते हुए व्यवस्था परिवर्तन के काम किए हैं। समस्याओं को सुलझाकर लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना हमारी जिम्मेवारी है। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के मामले में तो दो–दो घंटे में ही लोगों का नाम लाभार्थी की सूची में शामिल हुआ है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि समस्याएं आप लाओ, हल मनोहर लाल करेगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा पुलिस में लगभग 6600 पदों पर पुरूष व महिला सिपाहियों की भर्ती की गई थी, जिसमें से अधिकांश को ज्वाइनिंग दे दी गई थी, परन्तु 2000 पुरूष व एक हजार महिला सिपाहियों की ज्वाइनिंग का मामला न्यायालय में पंहुच गया था, गत दिवस न्यायालय ने इन्हें ज्वाइनिंग करवाने की अनुमति प्रदान कर दी है और शीघ्र ही इनको ज्वाइनिंग करवा दी जाएगी।



माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित ग्रामीणों को अवगत करवाते हुए बताया कि जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान अब तक 16 हजार प्रतिवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2600 प्रतिवेदनों से संबंधित कार्य हो चुके हैं। 11 हजार पर काम जारी है और 2500 प्रतिवेदन अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि आज भी जो प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं, जिलास्तर पर संबंधित जो कार्य होंगे उन्हें प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और जो कार्य मुख्यालय स्तर के होंगे उन्हें बेहतर समवन्य के साथ करते हुए उनका निदान किया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करना

(दिनांक 11.08.2023)

**प्रभाव :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह में भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द जी ने बतौर मुख्यातिथि शिकरत की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने बतौर विशिष्ट अतिथि 33वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा की 2 करोड़ 80 लाख जनता की ओर से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद का स्वागत करते हुए कुरुक्षेत्र की पावन धरा एवं ज्ञान की भूमि पर पधारने के लिए उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही, उन्होंने डिग्री व मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों और सभी शिक्षकों को बधाई दी।



राष्ट्रपति महोदय ने कहा कि एक विद्यार्थी की सफलता के पीछे समाज के अनेक लोगों का संकल्प एवं तपस्या होती है। यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों से ही मिलती है। शिक्षा का उद्देश्य डिग्री प्राप्त करना नहीं होता बल्कि अच्छा इंसान बनना होता है। शिक्षण संस्थान भविष्य के निर्माता होते हैं। वे न केवल छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अच्छा नागरिक व सफल कर्मी बनाते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अन्य शिक्षण संस्थानों से कई प्रकार से अलग है। भारतीय संस्कृति में कुरुक्षेत्र का अपना एक विशेष महत्व है। कुरुक्षेत्र की पावन स्थली पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी दिव्य वाणी से श्रीमद्भगवद गीता का संदेश दिया था। इस पुण्य भूमि से ही दुनिया को कर्मयोग का संदेश मिला। समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत तथा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को यूनिवर्सिटी की तरफ से डॉक्टर ऑफ लिट्रेचर (डी.लिट्) की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। इसके साथ ही समारोह में पीजी और यूजी पाठ्यक्रमों के सभी यूटीडी छात्र (2021–22 में उत्तीर्ण), पीएचडी 2023






के 88 डिग्री धारकों को डिग्रियां वितरित की गई।

अपने संबोधन में श्री राम नाथ कोविन्द जी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को संबंधित कॉलेजों तथा प्रदेश में सबसे पहले केयू में लागू करने और इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व कुलपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पावन धारा पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का पहला ए प्लस श्रेणी का विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय ने हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे देश में खेल, शोध, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने डिग्रियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और 33वें दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पूरे प्रदेश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को अपने यूजी प्रोग्राम्स में लागू करके सराहनीय कार्य किया है। इसके साथ ही अब इस सत्र से देश में सर्वप्रथम अपने सम्बन्धित महाविद्यालयों एवं संस्थानों के यूजी प्रोग्राम्स में राष्ट्रीय

# साप्ताहिक सूचना पत्र

शिक्षा नीति को इसके सभी प्रावधानों के साथ लागू करके छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को जापानी भाषा का सर्टिफिकेट मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक बार विद्यार्थी का अर्थ जीवन भर विद्यार्थी है, यह मुख्यमंत्री जी ने साबित किया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शिक्षा लेने के बाद आज विद्यार्थियों की दीक्षा हो रही है। आज का दिन परीक्षा पास करने के बाद ज्ञान के लिए नाते एक विशेष दिन हो सकता है, लेकिन कर्तव्य की परीक्षा अभी पास नहीं हुई है। आज के बाद आप सभी को समाज में शिक्षा का उपयोग करके सेवा का काम करना है, वास्तव में दीक्षा तभी होगी, इसलिए हमें ऐसा संकल्प लेना है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत एवं गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज को डॉक्टरेट ऑफ लिट्रेचर की मानद उपाधि से विभूषित होने पर कहा कि ऐसी महान विभूतियों के सम्मान से न केवल समाज को दिशा मिलती है बल्कि हम सभी को देश एवं समाज की सेवा करने की प्रेरणा भी मिलती है।

जापानी भाषा का सर्टिफिकेट मिलने पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि कु.वि. कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा सहित अन्य अधिकारी उनके सहपाठी रहे। उन्होंने कहा कि जापानी भाषा में 30 दिन की ऑनलाइन कक्षाएं उन्होंने लगाई हैं। उन्होंने जापानी भाषा सिखाने के लिए जापान के शिक्षकों व विश्वविद्यालय का भी धन्यवाद किया।



# यमुनानगर जिला के गांवो में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 12.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी अपने यमुनानगर जिला के गांव बकाना में जनसंवाद कार्यक्रम में घोषणा करते हुए 15 अगस्त के अवसर पर एक मनोहर तोहफा दिया है। इस तोहफे के तहत आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की आय –सीमा 1 लाख 80 हजार रुपए से बढाकर 3 लाख रुपए सालाना करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा, दूसरी बड़ी घोषणा यह की कि भविष्य में पंचायतों का हिसाब–किताब खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को रखना होगा, जबकि इससे पहले ग्राम सचिव देखता था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पंचायतों की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाया है, इसलिए ग्राम सचिव के साथ–साथ बीडीपीओ के पास पंचायत का लेखा जोखा होना जरूरी है। अहम पहलु यह है कि उनके पास खुद प्रदेश की 6500 पंचायतों का लेखा जोखा हर समय रहता है।

उन्होंने कहा कि 1 महीने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। नई घोषणा से 8 लाख नए परिवारों के इस योजना में शामिल होने का अनुमान है। लाभार्थी परिवार को मात्र 1500 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देना होगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान





भारत चिरायु हरियाणा योजना में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज लेने वाले परिवारों की संख्या लगभग 38 लाख होगी। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत 500 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। जनसवांद कार्यक्रम उन लोगों के लिए एक आशा की किरण लेकर आया है जो वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना में नाम शामिल करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर परेशान हो गए थे। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एक विशेष काउंटर लगाया गया है जहां पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहते है और परिवार पहचान पत्र के डाटा से मिलान कर मौके पर ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना में नाम शामिल होने का प्रमाण पत्र बनाते है। इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी अपने हाथों से लाभार्थी को देते है। आज के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल व कान की मशीनें वितरित की।

उन्होंने गांव बकाना के लोगों को ग्राम






सचिवालय,लाईब्रेरी, महात्मा गांधी बस्ती में टयूबल, बिजली की तारों को ठीक करने ,बकाना से पलाका तक 5 किलोमीटर सडक् का निर्माण व रिपेयर करने के लिए 65 लाख रुपए खर्च करने की घोषणा की। इसके अलावा रादौर विधानसभा क्षेत्र की 25 करोड़ रुपए की लागत से सडक़ों का निर्माण करने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की तरफ से गांव बकाना को हर साल 60 लाख रुपए का बजट विकास कार्यों के लिए दिया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 15 अगस्त के अवसर पर 'आयुष्मान भारत योजना' पोर्टल का शुभारंभ

(दिनांक 12.08.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी 15 अगस्त के अवसर पर प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा देते हुए ये घोषणा की है कि हरियाणा में अब 1 लाख 80 हजार रुपये से 3 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी 'आयुष्मान भारत योजना' का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 15 अगस्त से इस योजना के तहत कार्ड बनवाने के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 30 लाख परिवार पहले से योजना का लाभ ले रहे हैं, अब 8 लाख और परिवार इस योजना से जुड़ जाएंगे। अब हरियाणा के कुल 38 लाख लोग इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि वार्षिक 1.8 लाख तक की आय वाले परिवारों के लिए यह योजना निःशुल्क है लेकिन 1.8 लाख से तीन लाख वार्षिक आय वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए मामूली राशि का योगदान देना होगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के बाद हरियाणा ऐसी जनकल्याणकारी योजना लागू करने वाला राज्य बन गया है। इससे प्रदेश में आज लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ है। लोगों की आर्थिक के साथ–साथ मानसिक परेशानी भी दूर हुई है। आयुष्मान भारत योजना अंत्योदय परिवारों के लिए रामबाण योजना है। इससे जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पीएम आवास योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद

(दिनांक 12.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत यमुनानगर के रादौर से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से पीएम आवास योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर कहा कि राज्य के जिन शहरों में गरीब परिवारों के पास अपने मकान नहीं है उन्हें प्लाट या फ्लेट मुहैया करवाने के लिए सर्वे किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही मुख्यमंत्री आवास योजना लाई जाएगी जिसके तहत एक लाख परिवारों को लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा जिन परिवारों को पीएम आवास योजना शहरी की 50 हजार रुपए की तीसरी किस्त नहीं मिली है वह 31 अगस्त तक जारी कर दी जाएगी। इससे लगभग 15 हजार परिवारों को फायदा होगा। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता भी विशेष चर्चा कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुडे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना हर गरीब



# साप्ताहिक सूचना पत्र

व जरूरतमंद लोगों के सपने व आकांक्षाओं को पूरा करने का एक बड़ा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसके तहत प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवास बनाने के लिए 898 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिन लोगों को अपने सपनों का पक्का मकान मिला है उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह घर आपके बेहतर भविष्य का नया आधार है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत बने मकानों में शौचालय, नल से जल, गैस एवं बिजली कनेक्शन जैसी सुविधाओं के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 67649 मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से 14939 मकान बनवाए जा चुके हैं और 15356 मकान निर्माणाधीन है। इन पर 522 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के लिए 2.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता 3 किस्तों में दिए जाने का प्रावधान है। इसमें पहली व दूसरी किस्त एक–एक लाख रुपए और तीसरी किस्त में 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 29440 मकानों का निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की गई है जिनमें से 26318 मकान बनवाए जा चुके हैं। इनके लिए 376 करोड़ रुपए की मदद की गई है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में 1.38 लाख रुपए की राशि 3 किस्तों में लाभार्थी के सीधे खाते में भेजी जाती है। इसमें पहली किस्त 45 हजार रुपए, दूसरी किस्त 60 हजार रुपए तथा तीसरी किस्त के रूप में 33 हजार रुपए की राशि दी जाती है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर व्यक्ति की इच्छा होती है उसका अपना घर हो और उसके बच्चों का जीवन खुशहाल हो। सरकार का प्रयास है कि ऐसे लोगों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद को अपना घर देना भी गरीबी से निकालने की

# साप्ताहिक सूचना पत्र




पहली सीढ़ी है इसलिए अंत्योदय अभियान में सबसे गरीब व्यक्ति का उत्थान करना सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में सरकार प्रदेश के हर गरीब का अपना घर बनवाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने पुरानी आवास योजना का सुधार करके नई सोच के साथ ''प्रधानमंत्री आवास योजना'' को लागू किया है। इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार जताते हुए कहा कि इससे लाभार्थियों के चयन से लेकर उसके गृह प्रवेश तक पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता प्रदान की गई है। इस योजना में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनने वाले शौचालयों की सुविधा भी गरीब परिवारों को मिल रही है। यह योजना विशेषकर ग्रामीण महिलाओं व बहनों के जीवन को बदलने में भी अहम रोल अदा करेगी।